तापमान
अधिकतम 23.0 डिग्री
न्यूनतम 10.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, गुरुवार, 6 मार्च 2025



10 सेहत विभाग 7 को करेगा जन औषधि केंद्र की शुरूआत





10 अध्यापक विद्यार्थियों का मानसिक व भावनात्मक...








N N Sharma
Director

शिक्षा – संस्कार – सुरक्षा – सफलता
WOODSTOCK PUBLIC SCHOOL JIND
ADMISSION OPEN
Nur. to XII (Art/Commerce/Science)
Focus on Practicals
Strong Dedicated Teachers Team
Door to Door Transport
Indoor & Outdoor Sports
GOHANA ROAD ASHRAFGARH JIND Contact: 9896561677, 8053011129



Sukeerti Sharma
Principal


## खबर संक्षेप

### अवैध असलहा के साथ युवक दबोचा

**जींद।** डिटेक्टिव स्टाफ ने गांव बरसोला रेलवे फाटक के निकट एक युवक को अवैध असलहा सहित गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान गांव बरसोला निवासी प्रदीप उर्फ अमली के रूप में हुई है। पुलिस ने प्रदीप के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### कनाडा भेजने के नाम पर साढ़े आठ लाख ठगे

**कैथल।** सीवन खंड के सैर गांव में दंपती को कनाडा भेजने के नाम पर करीब साढ़े आठ लाख रुपये की ठगी कर ली। इस मामले में सीवन थाना में दंपती की ओर से दी गई शिकायत के बाद दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। सीवन थाना में दी गई शिकायत में सैर गांव निवासी मांगे राम ने बताया कि वह एक राज मिस्त्री है। जुलाई 2023 में उसके गांव के ही कपिल शर्मा से बातचीत हुई थी।

### आत्महत्या के मामले में तीसरा आरोपित दबोचा

**जींद।** उचाना थाना पुलिस ने आत्महत्या के लिए मजबूर करने के तीसरे आरोपित को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान गांव दनौदा कलां निवासी राजकुमार के रूप में हुई है। उचाना थाना प्रभारी ने बताया कि सूचना मिली थी कि सुरबुरा निवासी फूलकुमार ने जहरीला पदार्थ निगल लिया है और उसकी मौत हो गई है। मृतक के लड़के विकास ने पुलिस को शिकायत दी है।

### धोखाधड़ी से जमीन नाम करवाने का आरोपी काबू

**कैथल।** एंटी करप्शन ब्यूरो अंबाला की टीम ने राजौंद खंड के बिरथे बाहरी में धोखाधड़ी से पट्टेदारियों की जमीन नाम करवाने के आरोपी अशोक गिरफ्तार किया है। मामले में महिला सहित पांच आरोपी शामिल है। इनमें बिरथे बाहरी निवासी महेंद्र सिंह, अशोक , कांता व रामानंद और राजौंद तत्कालीन कल्याण अधिकारी सतनाम सिहं खांबरा हाल पंचकूला थे।

### तीन युवकों पर हमला कर छीनी नकदी, केस

**जींद।** मनोहरपुर में तीन युवकों के साथ मारपीट कर उनसे नकदी छीन ली। सदर थाना पुलिस ने दो युवकों को नामजद कर सात-आठ अन्य के खिलाफ हमला करने, छीना झपटी और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव मनोहरपुर निवसी पवन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने खेत में कोल्हू लगाया हुआ है।

### बोलेरो की चपेट में आने से बाइक चालक घायल

**कैथल।** गांव शेरदा में बोलेरो गाड़ी की चपेट में आने से एक बाइक चालक घायल हो गया। अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। भाना के मनदीप ढुल ने राजौंद पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 2 मार्च को जब वह गांव शेरदा से गुजर रहा था तो एक अज्ञात बोलेरो गाड़ी चालक ने अपनी गाड़ी को लापरवाही चलते बाइक को चपेट में लेकर उसे घायल कर दिया।

### प्रॉपर्टी का सौदा कर डीलर से ठगे लाखों

**जींद।** दिल्ली के व्यक्ति ने प्रॉपर्टी का सौदा करने के मामले में डीलर से 6.70 लाख रुपये ठग लिए। शहर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अर्बन स्टेट निवासी बलवान सिंह ने अदालत में याचिका दायर कर दिल्ली के नया बाजार निवासी पवन पर आरोप लगाया।

# जींद से खाटूश्याम जाने के लिए चली रेलगाड़ी, ट्रेन में कुल 18 डिब्बे, 16 साधारण और दो गार्ड श्रेणी के होंगे

*पांच से 12 मार्च तक स्पेशल ट्रेन चलाई चलाई जाएगी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद से खाटूश्याम जाने वाले यात्रियों के लिए खुशखबरी है। यात्रियों की मांग पर पांच मार्च से लेकर 12 मार्च तक स्पेशल ट्रेन चलाई चलाई है। स्पेशल ट्रेन में कुल 18 डिब्बे हैं, जिसमें से 16 साधारण श्रेणी और दो गार्ड श्रेणी के डिब्बे हैं। बुधवार को ट्रेन नंबर 09727 मदार अजमेर-कुरुक्षेत्र स्पेशल मेला ट्रेन मदार से सुबह नौ बजकर 20 मिनट पर रवाना हुई, जो किशनगढ़, नरैना, फुलेरा, रेनवाल के रास्ते 11 बजकर 35 मिनट पर रींगस, श्रीमाधोपुर, कांवटए डाबला, निजामपुर, नारनौल, अटेली, कुंड, रेवाड़ी, झज्जर और रोहतक के रास्ते शाम पांच बजकर सात मिनट पर जींद पहुंची।

### ट्रेन का स्वागत किया

ट्रेन के जींद जंक्श पहुंचने पर दैनिक रेलयात्री वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा ट्रेन का स्वागत किया। प्रधान सुरेश पांचाल, कैशियर विनोद गर्ग, सचिव सुरेंद्र, सुरेंद्र श्योराण, जसपाल, अनिल, प्रमोद सिंधु, करतार, सुनील और पुनीत सहित अन्य सदस्यों ने लड्डू बांट कर इस ट्रेन के चलने पर खुशी जताई। एसोसिएशन ने कुरुक्षेत्र के लोकसभा सांसद नवीन जिंदल का ट्रेन को चलवाने के लिए आभार जताया। एसोसिएशन के सचिव सुरेंद्र कुमार ने बताया कि उन्होंने इसके लिए सांसद से उनके पीए के माध्यम इस संबंध में मांग की थी। एसोसिएशन की मांग पर सांसद नवीन जिंदल ने यह ट्रेन चलाई है। इससे यात्रियों को फायदा होगा। शाम को जींद चार मिनट ठहराव के बाद नरवाना, कैथल होते हुए रात लगभग पौने आठ बजे कुरुक्षेत्र पहुंचेगी। इसी प्रकार ट्रेन नंबर 09728 कुरुक्षेत्र-मदार-अजमेर- कुरुक्षेत्र से रात नौ बजकर 25 मिनट पर रवाना होगी। जो कैथल, नरवाना होते हुए रात 11 बजकर 12 मिनट पर जींद पहुंचेगी। यहां दो मिनट के ठहराव के बाद रोहतक, झज्जर, रेवाड़ी, होते हुए सुबह चार बजकर 46 मिनट पर रींगस पहुंचेगी।



जींद। रेलगाड़ी का स्वागत करते श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

### ट्रेन चलने पर यात्रियों को फायदा

जींद रेलवे जंक्शन अधीक्ष जेएस कुंडू ने बताया कि स्पेशल मेला ट्रेन चलने पर यात्रियों को फायदा होगा। खाटू श्याम मेला स्पेशल ट्रेन बुधवार शाम साढ़े पांच बजे जींद जंक्शन पर पहुंची थी। ठहराव के बाद कुरुक्षेत्र के लिए रवाना हुई।

### सांसद ने एसो का आग्रह स्वीकार किया

रींगस उतरकर यात्री खाटू श्याम जा सकते हैं। रींगस में पांच मिनट के ठहराव के बाद ट्रेन रेनवाल, नरैना, किशनगढ़ के रास्ते मदार सुबह आठ बजे पहुंचेगी। दैनिक रेल यात्री वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान सुरेश पांचाल और सचिव सुरेंद्र कुमार ने कहा कि जींद से खाटूश्याम के लिए कोई ट्रेन नही थी। एसो के पदाधिकारी सांसद नवीन जिंदल के पीए से मिले थे और खाटूश्याम जाने वाले यात्रियों के लिए स्पेशल ट्रेन चलाने की मांग की थी। सांसद ने एसो के आग्रह को स्वीकार किया व उनके प्रयास से स्पेशल ट्रेन चलाई है।

## बाइपास से होकर जा रही थी, जीएम ने जारी किए आदेश

# अब सभी लोकल बस शहर से होकर गुजरेंगी

### सीआरएसयू के आगे होगा बसों का ठहराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद में नरवाना, बरवाला, हांसी, असंध सहित दूसरे रूटों पर सभी लोकल बसें शहर के अंदर से होकर गुजरेंगी। इसे लेकर जींद डिपो के महाप्रबंधक राहुल जैन ने कार्यनिरीक्षक को दिशा-निर्देश जारी किए हैं कि बसों के शहर के अंदर से संचालन को सुनिश्चित किया जाए। फिलहाल लोकल रूटों की बसें बाईपास से होकर जा रही थी। जिसकी शिकायत समाधान शिविर में यात्रियों ने डीसी से की थी। बसों के शहर के अंदर से संचालन से विद्यार्थियों, नागरिक अस्पताल, बाजार जाने वाले यात्रियों को लाभ होगा। इन रूटों की बसें जाएंगी शहर के अंदर से:जींद से हांसी, बरवाला, नरवाना, असंध रूट की बसों को नए बस स्टैंड से गोहाना रोड होते हुए लघु सचिवालय, राजकीय कॉलेज, नागरिक अस्पताल, पुराना बस स्टैंड, रानी तालाब, एसडी स्कूल, पटियाला चौक से लेकर जाने के आदेश दिए हैं। इन में प्रत्येक रूट पर 30 से ज्यादा प्राइवेट बस चलती हैं। इसके अलावा रोहतक रूट की बसों को चौधरी रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी के आगे ठहराव के आदेश जारी किए गए हैं। प्राइवेट बस संचालक बसों को शहर के अंदर की बजाए बाईपास से निकाल रहे थे: पिंडारा के पास नया बस स्टैंड शिफ्ट होने के बाद लोकल रूट की बसों को पुराने बस स्टैंड व शहर के अंदर से चलाने के निर्देश दिए गए थे। इस पर कुछ समय तक तो बसें शहर के अंदर से चली लेकिन अब प्राइवेट बस संचालक बसों को शहर के अंदर से ले जाने की बजाय बाईपास से लेकर निकल जाते हैं। इससे यात्री पुराने बस स्टैंड, लघु सचिवालय के बाहर, एसडी स्कूल, पुरानी सब्जी मंडी, पटियाला चौक पर बसों का इंतजार करते रह जाते हैं। कुछ विद्यार्थियों और यात्रियों ने इसकी शिकायत समाधान शिविर में डीसी को की तो रोडवेज जीएम ने अब दोबारा से आदेश जारी किए हैं।



जींद। शहर के अंदर से गुजरते रोडवेज बस। फोटो :हरिभूमि

### अंदर से चलाई जाएं बसें

जींद डिपो के महाप्रबंधक राहुल जैन ने बताया कि उन्होंने कार्य निरीक्षक दिए कि सभी रूट की बस शहर के अंदर से चलाएं। सभी बसें बाईपास जा रही हैं तो ऐसे में विद्यार्थियों को पेरशानी होती है।

# कैथलः सड़क हादसे में दो युवकों की मौत, खनौदा में पसरा मातम

- पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद दोनों शव परिजनों को सौंपे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

खनौदा गांव के दो युवकों की एक सड़क हादसे में मौत हो गई। मृतकों की पहचान 35 वर्षीय बंटी और 30 वर्षीय जंटी के रूप में हुई है। यह हादसा मंगलवार रात करीब 8 बजे नरवाना के पास हुआ। टक्कर इतनी भयानक थी कि बाइक सवार दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े और अज्ञात वाहन उन्हें कुचलता हुआ निकल गया। हादसा में युवकों के शरीर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और खून के छींटे पेड़ों तक जा लगे। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को नागरिक अस्पताल, जींद भिजवाया। बुधवार की सुबह पोस्टमॉर्टम के बाद दोनों शव परिजनों को सौंप दिए गए। जानकारी के अनुसार, मंगलवार को बंटी दोस्त जंटी के साथ ससुराल झील गांव गया था। दिनभर वहीं रुकने के बाद दोनों शाम को बाइक से वापस लौट रहे थे। रात करीब 8 बजे जब वह गांव से लगभग 2 किलोमीटर दूर पहुंचे, तभी किसी बड़े अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जबरदस्त टक्कर मार दी।



### परिवार पर दुःखों का पहाड़ टूटा

इस हादसे की खबर जब खनौदा गांव पहुंची तो पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक बंटी अपने पीछे दो बेटे और एक बेटी छोड़ गया है, जबकि जंटी का एक बेटा है। दोनों ही अपने परिवार के कमाने वाले सदस्य थे, ऐसे में उनके अचानक चले जाने से घरवालों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

# भूमि बेचने की एवज में 3.29 करोड़ रुपये हड़पे

- स्कूल चेयरपर्सन सहित 13 पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सदर थाना पुलिस ने निजी स्कूल की चेयरपर्सन, उसकी बेटी समेत 13 लोगों के खिलाफ 3.29 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

आरोपितों ने जीडी गोयंका स्कूल के पास की 20 कनाल जमीन को बेचने की एवज में दिल्ली के चिकित्सक दंपत्ति से रुपये हडपे। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नई दिल्ली के बोडेलीवाला निवासी डा. श्याम की पत्नी डा. नेहा शर्मा ने सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि जींद की डा. प्रभात दलाल डाक्टरी की पढ़ाई के दौरान उसकी सहपाठी रही हैं। डा. प्रभात दलाल के पिता ने 2011 में जींद में निजी स्कूल शुरू करने के लिए साईं एजुकेशन सोसायटी की स्थापना की थी। बाद में उसके पिता की मौत हो गई थी। उसकी मां सुरेश दलाल और डा. प्रभात संस्था का काम देख रही थी। नवंबर 2021 में सुरेश दलाल को कैंसर के लक्षणों के बारे में पता चला तो वह उनके पास आए थे।

### जेल लोक अदालत में सीजेएम ने की सुनवाई

**जींद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बुधवार को जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिला कारागार में लगाई गई जेल लोक अदालत की अध्यक्षता मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव मोनिका ने की। जेल लोक अदालत में सात मामले विचाराधीन रखे गए। जिसमें से चार मामलों को अंडरगोन किया गया। अगर विचाराधीन बंदियों पर और कोई मुकद्मा ना हो तो चार कैदियों को रिहा करने का आदेश पारित किया गया। सीजेएम ने बताया कि जेल लोक अदालत महीने में दो बार लगाई जाती है। निरीक्षण के दौरान कैदियों, को उनके केसों में आ रही मुश्किलों व समस्याओं के समाधान संबंधी जानकारी दी। कैदियों से अपील की कि किसी को केस की पैरवी करने के लिए वकील की जरूरत है तो वह फ्री कानूनी सेवाएं के लिए प्राधिकरण के अधीन सेवाएं ले सकते हैं।

# रिश्ता टूटने से खफा युवक ने किया अपहरण का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल में दो आरोपियों ने कार में अपनी बहन के घर से आ रहे एक युवक व उसके दोस्त का रास्ता रोक लिया। आरोपियों ने युवक के सिर पर पिस्तौल तानकर कार से बाहर निकाल लिया और उसके अपहरण का प्रयास किया। बाद में लोगों को आता देख आरोपी मौके से भाग गए। पुलिस ने युवक की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। कलायत थाना के तहत आने वाले एक गांव निवासी युवक ने अपनी शिकायत में बताया कि वर्ष 2024 में उन्होंने बहन का रिश्ता कैथल के अभिषेक से किया था। रिश्ता होने के बाद पता चला कि वह नशेड़ी है। ऐसे में उन्होंने करीब छह महीने पहले उससे रिश्ता तोड़ दिया और अपनी बहन की शादी नरवाना में कर दी। इसी बात को लेकर अभिषेक उनसे रंजिश रखे हुए था।

### मामले की जांच जारी

मामले के जांच अधिकारी एएसआई मंजीत सिंह ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**सिर पर तान दी पिस्तौलः** 3 मार्च को वह दोस्त के साथ बहन के घर गया था। जब वे वापस लौट रहे थे और शिमला व पिंजूपुरा गांव के बीच पहुंचे तो कार उनकी कार के सामने आकर रुकी। कार से अभिषेक और बलिंद्र उतरे और सिर पर पिस्तौल तान दी। बलिंद्र ने बाहर खींच लिया। दोनों ने अपहरण की कोशिश की। उसने बमुश्किल से बचाया। बाद में सड़क पर वाहनों की आवाजाही और शोर के कारण अभिषेक और बलिंद्र अपनी कार में बैठकर मौके से भाग गए।

## एचएसवीपी ने लगाए टेंडर, साढ़े 24 लाख की राशि होगी खर्च

# सेक्टरों में बदहाल सड़कों का होगा जीर्णोद्धार

- ऑनलाइन बिड मार्च माह के दूसरे सप्ताह में खुलने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सेक्टरों में बदहाल सड़कों के जीर्णोद्धार के लिए एचएसवीपी ने टेंडर लगाए हैं। सेक्टरों के सुधार पर एचएसवीपी लगभग साढ़े 24 लाख रुपये की राशि खर्च की जाएगी। इसके लिए शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा टेंडर लगाए गए हैं। जिसकी ऑनलाइन बिड मार्च माह के दूसरे सप्ताह में खुलने की संभावना है। टेंडर अलॉट होने के बाद संबंधित एजेंसी द्वारा काम किया जाएगा। इसमें से 18 लाख 65 हजार रुपये की राशि से सेक्टर छह, सात, आठ और नौ में सडक़ों पर साइन बोर्ड, सफेद पट्टी भी लगाई जाएगी। इसके अलावा एक लाख 99 हजार रुपये की राशि से सेक्टर छह में अंदर की सड़कों के सहारे उगी घास व अन्य झाडिय़ां हटाई जाएंगी। इसके अलावा सेक्टर सात में एक लाख 93 हजार रुपये और सेक्टर नौ में एक लाख 92 रुपये की राशि से मुख्य सडक़ पर थर्मोप्लास्टिक पेंट करवाया जाएगा। गौरतलब है कि सेक्टर छह, सात, आठ व नौ शहर के पॉश क्षेत्र में आते हैं। यहां सिविल लाइन थाना, पॉलीक्लीनिक सहित चार से पांच निजी अस्पताल भी हैं। चारों सेक्टरों में 2500 मकान हैं, जिसमें लगभग दस हजार की आबादी है। सेक्टरों की सड़कें निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज, नरवाना-रोहतक हाईवे व सफीदों रोड को जोड़ती हैं। ऐसे में यहां वाहनों का आवागमन ज्यादा है। सडक़ों पर गहरे गड्ढे हैं, जिससे गिरकर वाहन चालक चोटिल हो जाते हैं। वहीं सेक्टरों के खाली पड़े प्लॉट में सीवरेज का गंदा पानी जमा रहता है।



जींद। सेक्टर की बदहाल सड़क। फोटो :हरिभूमि

### सड़कों की होगी मरम्मत

एचएसवीपी के जेई रोहित ने बताया कि सेक्टर छह, सात, आठ व नौ में सडक़ का सुधार किया जाएगा। एचएसवीपी का प्रयास है कि लोगों की समस्या का समाधान किया जाए। एचएसवीपी द्वारा सेक्टरों में सुधार कार्य को लेकर टेंडर लगाए गए हैं। टेंडर अलॉट होने के बाद संबंधित एजेंसी द्वारा कार्य करवाया जाएगा।

### मूलभूत सुविधाओं की कमी

सेक्टरवासियों ने कहा कि सेक्टरों के प्लॉट में सीवरेज का गंदा पानी जमा होने पर हर समय बदबू आती रहती है। इससे लोगों के बीमार होने का डर बना रहता है। सेक्टरों में मूलभूत सुविधाओं की कमी है। ऐसे में सेक्टरवासियों की समस्या का स्थाई समाधान किया जाना चाहिए।

**खबर संक्षेप**

### पंजाबी धर्मशाला में होली महोत्सव 13 मार्च को

**जींद।** रिद्धि सिद्धि क्लब के तत्वावधान में 13 मार्च को पुराना बस अड्डा स्थित पंजाबी धर्मशाला में होली महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। क्लब संचालक प्रधान सुभाष चंद्र अनेजा ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में वृंदावन धाम से श्यामा श्याम भजन सुना कर श्रद्धालुओं को भक्ती गीतों से सरोबार करेंगे।

### आरोही मॉडल स्कूल में प्रवेश परीक्षा पच्चीस को

**जींद।** आरोही मॉडल स्कूल स्टाफ एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल घासो खुर्द उचाना में कक्षा 6वीं, 7वीं, 8वीं, 9वीं एवं 11वीं में प्रवेश के लिए 25 मार्च को प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। यह परीक्षा उन विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण अवसर है, जो गुणवत्तापूर्ण एवं अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा सरकारी स्कूलों की नाममात्र फीस के अनुरूप प्राप्त करना चाहते हैं।

### समाधान शिविर में आई 9 शिकायतें, एक का हल

**जींद।** जन समस्याओं के त्वरित समाधान और सरकारी सेवाओं को नागरिकों तक सहजता से पहुंचाने के उद्देश्य से समाधान शिविर प्रशासन का महत्वपूर्ण कदम है। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने इस शिविर की आवश्यकता पर बल देते कहा कि प्रशासन की संवेदनशीलता और तत्परता का यह एक बेहतरीन उदाहरण है, जिससे नागरिकों को उनकी समस्याओं का समाधान शीघ्रता से मिल सके। बुधवार को आयोजित समाधान शिविर में समस्याओं को गंभीरता से सुना गया।

### अलग-अलग जगह से दो युवतियां लापता, केस

**जींद।** जिले में अलग-अलग क्षेत्र से दो लड़कियां घर से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पुलिस ने दोनों मामलों में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। शहर की एक कॉलोनी के व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत तीन मार्च की रात को उसकी 16 वर्षीय बेटी बिना किसी को बताए घर से अचानक कही चली गई। सुबह उठकर देखा तो वह नहीं मिली। उसे आसपास और रिश्तेदारियों ढूंढा लेकिन कहीं भी उसका सुराग नहीं लगा।

### कबड्डी के लिए करसोला में ट्रायल नौ मार्च को

**जींद।** हरियाणा सीनियर कबड्डी चैंपियनशिप (लड़के व लडकियों) के लिए जिला जींद टीम का चयन नौ मार्च सुबह नौ बजे लड़कियों की व दोपहर दो बजे लड़कों का गांव करसोला में किया जाएगा। कबड्डी विकास समिति जींद के प्रधान राकेश सिवाच ने बताया कि जिला जींद की सीनियर नेशनल कबड्डी टीम का चयन होगा। चयनित टीम हरियाणा सीनियर स्टेट कबड्डी चैंपियनशिप गांव चिरस्मी गनौर 15 से 16 मार्च तक भाग लेगी।

### आवेदन पत्रों के सुधार के लिए अंतिम अवसर

**जींद।** जिला कल्याण अधिकारी नरेंद्र कुमार ने बताया कि डा. अंबेडकर मेधावी छात्र संशोधित योजना के तहत वर्ष 2024-25 के लिए एक अगस्त 2024 से 28 फरवरी 2025 तक आवेदन सरल पोर्टल पर ऑनलाइन किए जा रहे हैं। प्राप्त हुए आवेदनों की जांच के दौरान कुल 982 आवेदन पत्रों के दस्तावेजों में कुछ त्रुटियां पाई गई हैं। अतः सभी संबंधित छात्रध्छात्राएं जिनके आवेदन पत्रों में त्रुटि पाई गई है। उन्हें सूचित किया जाता है कि वे 10 मार्च तक आवश्यक दस्तावेजों की त्रुटि दूर करवा लें।

### नरवाना में खुलेगा वेदा इन्टरनेशनल स्कूल

**नरवाना।** नरवाना में जल्द ही खुलने जा रहा है वेदा इन्टरनेशनल स्कूल जो नरवाना के पटियाला रोड पर तैयार हो रहा है संचालक मण्डल सदस्य सुरेश मित्तल ने बताया कि उनके द्वारा सुशिक्षित संस्कारवान अध्यापकों को चयनित किया जाएगा क्योंकि वो भी रिटायर प्रिंसिपल है उनका शिक्षा के क्षेत्र में काफी अनुभव है और स्कूल में अनुभवी शिक्षकों को भर्ती करने का काम करेंगे।

### केंद्र को चलाने के लिए कमेटी गठित, फार्मासिस्ट की नियुक्ति

# सेहत विभाग 7 मार्च को करेगा जन औषधि केंद्र की शुरूआत

## फिलहाल अस्पताल केंद्र को चलाएगा खुद, प्रोफिट पर फिर करेंगे ट्रांसफर

**केंद्र पर 50 से 90 प्रतिशत तक कम कीमत पर दवाएं उपलब्ध होंगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में जन औषधि केंद्र बन कर तैयार है और इसका उद्घाटन सात मार्च को जन औषधि दिवस पर किया जाएगा। प्रथम स्तर पर जन औषधि केंद्र के लिए सौ तरह की दवाओं की उपलब्धता करवाई गई है। जिसे समय के साथ-साथ बढाया जाएगा। हर वर्ष सात मार्च को जन औषधि दिवस मनाया जाता है। ऐसे में इस दिन इस जन औषधि केंद्र की ओपनिंग करवाई जाए। बाकायदा इस दिन प्रधानमंत्री का लाइव भाषण भी सुनाया जाएगा। फिलहाल केंद्र को चलाने के लिए कमेटी गठित कर दी गई है और फार्मासिस्ट की भी नियुक्ति कर दी गई है। जन औषधि केंद्र को अस्पताल प्रशासन द्वारा स्वतः चलाया जाएगा। प्रोफिट होने पर इसे ट्रांसफर करने का निर्णय लिया जाएगा।

**सस्ती दरों पर उपलब्ध होंगी दवाएं :** जन औषधि केंद्र को शव गृह के निकट सीएससी के पास 120 स्कवेयर फिट की खाली जगह में बनाया गया है। केंद्र के साथ ही आधार कार्ड सेंटर भी है। जिससे यहां आने वाले लोगों को केंद्र के बारे में जानकारी देने की जरूरत नही होगी। हालांकि जन औषधी केंद्रों में करीब 1800 प्रकार की दवाइयां और 285 मेडिकल डिवाइस रखे जाते हैं लेकिन प्रारंभिक स्तर पर सौ तरह की दवाएं ही यहां रखवाई गई हैं। ब्रांडेड दवाइयों की तुलना में जन औषधि केंद्र पर 50 से 90 प्रतिशत तक कम कीमत पर दवाएं उपलब्ध होंगी। यह जेनेरिक दवाएं होंगी जो सीधे खरीदार तक पहुंचेंगी। सरकार द्वारा इन दवाओं की कीमत स्वयं तय की जाती है। जेनेरिक दवाओं का असर, डोज और इफेक्ट्स ब्रांडेड दवाओं की तरह ही होते हैं।



जींद। नागरिक अस्पताल में वह जगह जहां, जन औषधि केंद्र बनाया गया है।

**दो हजार तक ओपीडी**

नागरिक अस्पताल में 100-100 बैड की दो बिल्डिंग हैं और यहां हर दिन 1800 से दो हजार के बीच ओपीडी होती है। कई बार ऐसा होता है कि वेयरहाउस से समय पर दवाइयां नहीं मिलती। इसके अलावा बजट मिलने में देरी होने के कारण भी दवाइयां खरीदने में देरी हो जाती है। जिससे अस्पताल से मरीजों को सभी दवाइयां नहीं मिल पाती। मजबूरी में मरीजों को बाजार में मेडिकल स्टोर से महंगी कीमत पर दवाइयां खरीदनी पड़ती है। ऐसे में जन औषधि केंद्र अस्पताल में आने वाले मरीजों के लिए बेहद लाभकारी साबित होगा।

**स्वयं चलाएगा अस्पताल प्रशासन**

नागरिक अस्पताल के कार्यवाहक सीएमओ डा. पालेराम कटारिया ने बताया कि जन औषधि केंद्र बन कर तैयार है और इसका सात मार्च को उद्घाटन किया जाएगा। प्राथमिक चरण में इसमें सौ के करीब दवाएं व अन्य सामान मंगवा लिया गया है। कई बार अस्पताल में रूटीन में दवा नही आ पाती है। ऐसे में मरीजों को बाहर से दवा लेनी पड़ती है तो उनके लिए जन औषधि केंद्र लाभकारी सिद्ध होगा। जन औषधि केंद्र सरकार के दिशा-निर्देश पर खोला गया है और इसे अस्पताल ही चलाएगा। प्रधानमंत्री के विजन अनुरूप ही पूरे भारत वर्ष में जन औषधि केंद्र खोले जा रहे हैं। इसी कड़ी में जींद अस्पताल में भी जन औषधि केंद्र खोला गया है। बाकायदा जन औषधि केंद्र पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिसमें आमजन को जागरूक किया जा रहा है कि दवा जन औषधि केंद्र से खरीदें। यहां दवाएं बहुत सस्ती हैं।

# राजकीय वमावि शामलो कलां के प्राचार्य का योगासन प्रतियोगिता के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



- विद्यालय में बच्चों को प्रतिदिन योगा अभ्यास करते देख की तैयारी

राजकीय वमावि शामलो कलां के प्राचार्य शिवनारायण शर्मा का चयन अखिल भारतीय सिविल सेवा योगासन प्रतियोगिता के लिए हुआ है। जिसका आयोजन पांच मार्च से आठ मार्च तक चंडीगढ़ में होगा। विद्यालय के योगासन प्रभारी संतराम शास्त्री ने बताया कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शामलों कलां के विद्यार्थी पिछले छह वर्ष से राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओ में अच्छा प्रदर्शन करते आ रहे हैं। जिसका परिणाम यह मिला है कि इन बच्चों की प्रतिभा को देखते हुए प्राचार्य शिव नारायण शर्मा ने भी योगासन करना आरंभ किया। इस प्रतियोगिता हेतु चयन प्रक्रिया का आयोजन 21 फरवरी को रोहतक में किया गया। जहां पर पूरे राज्य से प्रतिभागियों ने भाग लिया। 50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में शिवनारायण शर्मा ने आर्टिस्टिक जोड़ी इवेंट में बलराज एबीआरसी जुलाना सहित भाग लिया व पूरे हरियाणा में प्रथम स्थान प्राप्त कर अखिल भारतीय सिविल सेवा योगासन प्रतियोगिता में भाग लेना सुनिश्चित किया। शिव नारायण शर्मा ने बताया की केंद्र सरकार व राज्य सरकार लगातार योग को आगे बढ़ाने के लिए प्रयासरत है। शर्मा ने बताया कि विद्यालय में बच्चों को प्रतिदिन योगा अभ्यास करते देख उन्हें भी अहसास हुआ कि वह भी इसे अपने जीवन का एक हिस्सा बना सकते हैं। योग करने से हमारा स्वास्थ्य भी ठीक रहता है और कार्य करने की अतिरिक्त ऊर्जा भी प्राप्त होती है।



नरवाना। सिद्धार्थ को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### सामाजिक संस्थाओं ने सिद्धार्थ को किया सम्मानित

**नरवाना।** शैक्षणिक क्षेत्र में प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा व जूनियर रिसर्च फेलोशिप उत्तीर्ण करने पर नरवाना की अनेक सामाजिक.धार्मिक संस्थाओं ने सिद्धार्थ को सम्मानित किया। इस विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए नरेश वत्स ने बताया कि अध्यापक माता.पिता के पुत्र सिद्धार्थ ने अंग्रेजी विषय में यह परीक्षा उत्तीर्ण की। अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित इस परीक्षा में पूरे भारत में कुल 450 छात्र उत्तीर्ण हुए। सिद्धार्थ ने पूरे देश में 18वां स्थान प्राप्त किया।इस उपलब्धि पर समूचे क्षेत्र को गर्व है। सिद्धार्थ के पिता संजय भारद्वाज इतिहास व माता रश्मि भारद्वाज अंग्रेजी की प्राध्यापिका हैं।सिद्धार्थ ने अपनी शिक्षा नरवाना के एमडी पब्लिक स्कूल आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयए के एम राजकीय कालेज व कैथल के आरकेएसडी कालेज से पूर्ण की। एमए उत्तीर्ण करते ही नेट की परीक्षा उत्तीर्ण की व अगले सत्र में जेआरएफ पास किया। वह अपनी उपलब्धि का श्रेय परिवारए गुरूजनों व मानव मित्र मंडल को देता है।

### पात्र उठाएं हर घर हर गृहिणी योजना का लाभ

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने पात्र एवं जरूरतमंद परिवारों से अपील करते हुए कहा कि वे सरकार द्वारा शुरू की गई हर घर हर गृहिणी योजना का लाभ उठाएं। इसके लिए विभाग द्वारा जारी निर्देशानुसार अपना पंजीकरण करवाएं। जिला में अब तक करीब 80307 पात्र एवं जरूरतमंद परिवारों द्वारा इस योजना का लाभ उठाने के लिए पंजीकरण करवाया जा चुका है। जिसमें से 62885 ग्रामीण और 17422 लाभार्थी शहर से है। उपायुक्त ने सभी पात्र परिवारों से हर घर हर गृहिणी योजना में अपना पंजीकरण करवाने की अपील की है। उन्होंने खाद्य एवं पूर्ति विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए है कि वे लोगों को हर घर हर गृहिणी योजना के बारे में जागरूक करें। डीसी ने कहा कि अंत्योदय परिवारों की महिलाओं के लिए एक बहुत महत्वाकांक्षी योजना है।

# घरेलू हिंसा गंभीर अपराध : मनीष

- छात्राओं को महिलाओं के अधिकारों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। कार्यक्रम में भाग लेते छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

राजकीय कालेज के प्राचार्य सत्यवान मलिक की अध्यक्षता व महिला प्रकोष्ठ विभाग के तत्वावधान में सात दिवसीय विशेष गतिविधियों का बुधवार को तीसरा दिन रहा। जिसमें कॉलेज की स्नातक व स्नातकोत्तर की छात्राओं ने भाग लिया। उपप्राचार्य मनीष कुमार ने महिलाओं के अधिकारों व समानता के अधिकारों पर चर्चा की। इस सामूहिक चर्चा में महिलाओं के अधिकारों कानूनी अधिकारों जैसे की महिला सशक्तिकरण, घरेलू अहिंसा अधिनियम, दहेज निषेध अधिनियम आदि विषयों पर चर्चा की गई। घरेलू हिंसा एक गंभीर अपराध है, जो कई परिवारों को तोड़ देता है। यह शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक पीड़ा का कारण बनता है। संबंधों में विश्वास और प्रेम की जगह डर और तनाव आ जाता है। इससे बचाव के लिए जागरूकता और सख्त कानून जरूरी हैं। दहेज अधिनियम 1961 में बनाया गया है ताकि दहेज प्रथा को रोका जा सके। यह कानून दहेज लेने-देने और इससे जुड़ी हिंसा को अपराध मानता है। महिला सशक्तिकरण का अर्थ है महिलाओं को समान अधिकार और अवसर देना। शिक्षा, स्वावलंबन और आत्मनिर्भरता से वे अपनी पहचान बना सकती हैं।

### तहसील कार्यालय में किसानों का धरना जारी

**नरवाना।** तहसील कार्यालय में संयुक्त किसान मोर्चे का धरना आज भी मास्टर बलबीर सिंह राज्य अध्यक्ष अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा के नेतृत्व में जारी रहा। मास्टर बलबीर सिंह राज्य अध्यक्ष अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा ने मंच सांझा करते बताया कि पंजाब सरकार द्वारा पंजाब के संयुक्त किसान मोर्चे के किसानों की धरपकड़ का हरियाणा एस के एम कड़ा विरोध करती है व चेतावनी देती है कि तानाशाही का रुख छोड़ कर किसानों से बातचीत का रुख अख्तियार करे क्यों कि हर मसले का समाधान बातचित से सम्भव है। परन्तु देखने में आया है कि सरकार का चरित्र कभी नहीं बदलता केवल मोहरे बदल जाते हैं। जिस किसान आंदोलन की बदौलत किसान तीन काले कृषि कानूनों को 13 माह गर्मी सर्दी बरसात का सामना करते वापिस करवाने में सफल हुए थे आज उन्ही को चोर दरवाजे से लागू करने की फिराक में है।

# लाठीचार्ज पर भाकियू ने जताया रोष

- गेहूं की फसल पर 200 रुपये बोनस देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। बैठक कर रोष जताते भाकियू किसान नेता। फोटो :हरिभूमि

शिव कालोनी स्थित किसान भवन में बुधवार को भारतीय किसान यूनियन की बैठक राजेंद्र बरसोला की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पंजाब में किसानों पर हुए लाठीचार्ज को लेकर रोष जताया गया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई। किसानों ने हरियाणा सरकार से मांग की कि गेहूं की फसल पर 200 रुपये प्रति क्विंटल बोनस दिया जाए। मंडियों में सरसों की खरीद को लेकर उचित व्यवस्था की जाए। किसान नेता राजेंद्र बरसोला, रामराजी ढुल, जिलाध्यक्ष बिंद्र नंबरदार ने कहा कि पंजाब सरकार ने मंगलवार शाम को (एसकेएम) किसान नेताओं को नजरबंद कर दिया तो बुधवार को किसानों पर मोगा में लाठीचार्ज किया गया। यह गलत है। किसानों के हक की आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। इसे किसान किसी भी सूरत में सहन नही करेंगे। अगर पंजाब सरकार द्वारा जल्द ही गिरफ्तार किए गए किसान नेताओं को रिहा नहीं किया गया तो भारतीय किसान यूनियन सख्त फैसला लेने पर मजबूर होगी। बैठक में राजेंद्र पहलवान बीबीपुर, जयबीर लोहान राजपुरा भैण, चंद्र जागलान, बलबीर ईंटल कलां, सितेंद्र, राजबीर लोहान मौजूद रहे।



जींद। रजिस्ट्रेशन फार्म दिखाते प्रधान राजकुमार गोयल व अन्य पदाधिकारी।

### दस तक करवाए जा सकेंगे परिचय सम्मेलन के रजिस्ट्रेशन

**जींद।** अखिल भारतीय अग्रवाल समाज के पदाधिकारियों की बैठक प्रधान राजकुमार गोयल की अध्यक्षता में बैंक रोड पर सावर गर्ग के प्रतिष्ठान पर संपन्न हुई। बैठक में 23 मार्च को करनाल के अग्रसेन भवन में होने वाले 25वें वैवाहिक अग्रवाल परिचय सम्मेलन को कामयाब बनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। राजकुमार गोयल ने कहा कि आगामी 23 मार्च को अग्रसेन भवन सैक्टर आठ करनाल में वैवाहिक अग्रवाल परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस परिचय सम्मेलन को लेकर पंजीकरण करवाने की अंतिम तिथि एक मार्च थी, जिससे बढ़ाकर अब 10 मार्च कर दिया गया है। अब 10 मार्च तक विवाह योग्य अपने रजिस्ट्रेशन करवा सकेंगे। गोयल ने बताया कि पूरे हरियाणा में करीबन 150 स्थानों पर पंजीकरण केन्द्र बनाए गए हैं। विवाह योग्य प्रत्याशियों के लिए उत्तम जीवन साथी चयन करने का यह एक सुनहरा मौका है।

# माजरा खाप ने सौंपा मांगपत्र

- लव मैरिज एक्ट में संशोधन किए जाने की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। महिला आयोग की अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपते माजरा खाप प्रतिनिधि।

चौधरी रणबीर सिंह विवि में माजरा खाप ने बुधवार को महिला आयोग की अध्यक्ष रेणू भाटिया से मुलाकात की और लव मैरिज एक्ट में संशोधन किए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। खाप प्रधान गुरविंद्र सिंह संधू, महेंद्र सिंह सहारण ने कहा कि लव मैरिज एक्ट के खिलाफ पंचायत विरोध में नही है लेकिन इसमें संशोधन किया जाना चाहिए। लव मैरिज करते गांव, गौत्र,गोहांड को छोड़ना चाहिए व मां-बाप की दोनों ओर से सहमति बनानी चाहिए। यदि ऐसा नही होता है तो शादी को अमान्य किया जाना चाहिए। कहा कि आज लव मैरिज का प्रचलन ज्यादा हो गया है। परिवार टूट रहे हैं, गांव की गांव मे ही नहीं अपने ही गली व मोहल्ले में बच्चे शादी कर रहे हैं। दो परिवारों मे दुश्मनी पैदा हो रही है। रीति रिवाज मान्यता परम्परा से ओर लड़का व लड़की इनकी पालना नही कर रहे तो उन पर मुकदमा दर्ज किया जाना चाहिए। लीव इन रिलेशनशिप पर पक्ष रखते खाप ने कहा कि कानून को मुल रुप से समाप्त किया जाना चाहिए। एक पति से तलाक हुआ नही महिला लीव इन में रहती है। जिसकी कोई गिनती नहीं है।



जींद। प्राथमिक चिकित्सा की जानकारी देते हुए। फोटो :हरिभूमि

### पुलिसकर्मियों को दी प्राथमिक चिकित्सा की जानकारी

**जींद।** यातायात पुलिस थाना में बुधवार को प्राथमिक चिकित्सा को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें जिला प्रशिक्षण अधिकारी सुनील दत्त ने शिरकत की। उन्होंने बताया कि हम प्राथमिक चिकित्सा उपचार देकर घायल की कैसे जान बचा सकते हैं। प्रभारी इंस्पेक्टर शमशेर सिंह ने बताया कि सफर करने वाले हर व्यक्ति को प्राथमिक चिकित्सा के बारे में पता होना चाहिए। यदि हमें प्राथमिक चिकित्सा के बारे में पता होगा तो हम किसी की जिंदगी बचा सकते हैं। सुनील दत्त ने बताया कि किसी भी संकट में पड़े जीवन की रक्षा के लिए प्राथमिक उपचार बहुत काम सकता है। इसका प्रशिक्षण लेने वाला हर व्यक्ति ऐसी किसी भी आपदा की घड़ी में एक जीवनदाता साबित हो सकता है। उन्होंने बताया कि किस तरह से अचानक किसी दुर्घटना में घायल होने वाले पीड़ित को उपचार दिया जा सकता है। बताया कि सबसे पहले तो उसे खुले स्थान में लेटा देना चाहिए।

**कार्यक्रम** | मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल में विशेष कार्यशाला का आयोजन

**कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य और रिसोर्स पर्सन ने दीप प्रज्जवलित कर किया**

# अध्यापक विद्यार्थियों का मानसिक व भावनात्मक विकास समझे : डा. नैना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल में शिक्षण के रूप में कहानी, कथन विषय पर एक कार्यशाला वर्चुअल मोड में आयोजित की गई। जिसमें डा. नैना सूद और गौरव गर्ग संसाधन व्यक्ति रिसोर्स पर्सन के रूप में शामिल हुए। जिनका उद्देश्य शिक्षकों को कहानी सुनाने के महत्व से परिचित करवाना और उन्हें शिक्षार्थियों के लिए इस दृष्टिकोण का प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए कौशल को लैस करना था।



जींद। कार्यशाला में भाग लेते अध्यापक। फोटो :हरिभूमि

कार्यशाला में विभिन्न स्कूलों के अध्यापकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल प्राचार्य रविंद्र कुमार और रिसोर्स पर्सन ने गणेश वंदना और दीप प्रज्जवलित कर किया। इसकी शुरुआत संसाधन व्यक्ति द्वारा प्रतिभागियों को एक संवादात्मक चर्चा में शामिल करने से हुई। डा. नैना सूद ने रचनात्मक और आकर्षक तरीके से एक व्यक्तिगत कहानी सुना कर अपना परिचय दिया।

इस व्यक्तिगत स्पर्श ने न केवल सत्र के लिए माहौल तैयार किया बल्कि कनेक्शन बनाने और जुड़ाव को बढ़ाने के लिए एक उपकरण के रूप में कहानी कहने की शक्ति पर भी जोर दिया। इस गतिविधि में प्रतिभागियों को अपने स्वयं के अनुभवों पर विचार करने और समझने का अवसर दिया कि कहानी सुनाना व्यक्तिगत अभिव्यक्ति का एक माध्यम कैसे हो सकता है। उनके द्वारा शिक्षण शास्त्र में कहानी कहने से भाषा कौशल का निर्माण, सामाजिक भावनात्मक विकास को प्रोत्साहित करना, रचनात्मकता को बढ़ावा देना और सीखने के क्षेत्र को एकीकृत करना आदि महत्व पर प्रकाश डाला गया। गौरव गुप्ता ने कहा कि कहानी सुनते समय शिक्षकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी बच्चे चाहे पृष्ठभूमि या योग्यताएं कुछ भी हों, उन्हें संपूर्ण रूप से शामिल महसूस करें।



जुलाना। प्रतियोगित में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते खिलाड़ी। फोटो :हरिभूमि

### सर छोटूराम स्कूल में विजेताओं को किया सम्मानित

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के गतौली गांव के सर छोटूराम स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में स्कूल के डायरेक्टर जितेंद्र ढांडा ने शिरकत की। प्रतियोगिता में बोरी दौड़ में ललिता प्रथम, अन्नु द्वितीय और मानवी तीसरे स्थान पर रही। चम्मच दौड़ में पुरवा प्रथम, पायल दूसरे और ललिता तीसरे स्थान पर रही। रस्साकस्सी में 8वीं कक्षा प्रथम रही। प्रतियोगिता में छात्रों को संबोधित करते हुए डायरेक्टर जितेंद्र ढांडा ने कहा कि खेल से बच्चों में खेल भावना के साथ साथ भाईचारा भी बढ़ता है। खेलों से बच्चों का सर्वांगिण विकास होता है। अन्य छात्रों को भी खेल के क्षेत्र में भाग लेकर अपने माता पिता और गांव का नाम रोशन करना चाहिए। इस मौके पर पूनम ढांडा, रेखा, प्रदीप सिंहमार, रोहताश, सोनू, सुनीता, सुशील आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### जागरुकता ही साइबर ठगी से बचने का उपाय

**जींद।** राजकीय रेलवे पुलिस ने बुधवार को यात्रियों को साइबर अपराध और नशा के प्रति जागरूक किया। थाना प्रभारी एसआई नरेश कुमार ने रेलवे जंक्शन पर यात्रियों को एकत्रित किया और उन्हें साइबर अपराध के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि आज कल साइबर अपराध बढ़ गया है। अज्ञात लोग सैंकडों में बैंक खाता खाली कर देते हैं।

### युवा संसद कार्यक्रम के तहत होगी भाषण स्पर्धा

**कैथल।** नेहरू युवा केंद्र कैथल की जिला युवा अधिकारी दीक्षा रानी ने बताया कि युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार मेरा भारत पोर्टल के माध्यम से विकसित भारत 2047 थीम पर विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम के तहत जिला कैथल में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जिला स्तर पर 10 विजेता प्रतिभागियों का चयन किया जाएगा।

### रिजनल सेंटर के अधूरे कार्य पर लिया संज्ञान

**कैथल।** डीसी प्रीति ने लुआस के रिजनल सेंटर के अधूरे पड़े कार्य पर कड़ा संज्ञान लिया है। उन्होंने लाला लाला लाजपतराय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के निदेशक से बात की और कार्य के लंबित होने बारे चर्चा की। डीसी को बताया गया कि इस केंद्र का करीब 90 प्रतिशत काम पूरा हो गया है। अतिरिक्त बजट की स्वीकृति मिलते ही इस पर काम शुरू कर दिया जाएगा।

### पुलिस ने आमजन को नशे के प्रति किया जागरूक

**कैथल।** कैथल पुलिस द्वारा आए दिन जिला वासियों को नशा न करने बारे जागरूक किया जा रहा है। इंस्पेक्टर रामलाल, ए.एस.आई. ओमप्रकाश, एचसी सुनील कुमार व होमगार्ड शमशेर सिंह की टीम द्वारा गुहला उपमंडल के गांव जुनैदपुर, कक्योर माजरा, कक्हेड़ी, ककराला अनायत, खरकां व चीका में युवाओं सहित आमजन को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर जागरूक किया।

### बलबीर रिटायर्ड कर्मचारी संगठन के प्रधान बने

**कैथल।** रिटायर्ड कर्मचारी संगठन हरियाणा जिला कैथल का त्रिवार्षिक चुनाव बस स्टैंड कैथल पर चुनाव पर्यवेक्षक पहल सिंह तंवर, जगजीत सिंह फोजी जिला प्रधान एटक की अध्यक्षता में संपन्न करवाया गया। सबसे पहले उपस्थित कार्यकर्ताओं को जिला कोषाध्यक्ष अशोक कुमार ने पिछले 3 वर्षो का लेखा जोखा प्रस्तुत किया तदोपरांत जिला प्रधान बलबीर सिंह श्योकंद ने संगठन की उपलब्धियां के बारे में बताया।

### एसडीएम ने ओवरफ्लो हुए तालाब का किया दौरा

**सीवन।** एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने बुधवार को गांव कवारतन में ओवर फ्लो हुए तालाब का दौरा किया। उन्होंने ग्रामीणों के साथ इस समस्या के बारे में गहनता से बातचीत की और आश्वासन दिया कि जल्द ही ओवरफ्लो हो रहे इस तालाब का समाधान निकाला जाएगा। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश भी दिए।


### काम न आई सीएम विंडो व सरकारी समाधान शिविर


# गलत परिवार पहचान पत्र ने छीन लिया दो गरीब परिवारों का सहारा

### नौकरी छुटने की चिंता के चलते दिमाग की नस फटकर इकलौते पुत्र की मौत हो जाने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल







**कैथल।** पीड़ित परिवार व पहले बना हुआ सही परिवार पहचान पत्र व बाद का गलत बना परिवार पहचान पत्र। फोटो : हरिभूमि

लोगों की सुविधा के लिये प्रदेश सरकार द्वारा चलाई गई आन लाईन पोर्टल प्रणाली ने ही दो मनरेगा मजदूर परिवारों के बुढ़ापे का एक मात्र सहारा छीन लिया गया। इस परिवार के काम न तो प्रदेश सरकार द्वारा चलाई गई सी एम विडों.आई और न ही हर दिन दो घंटे चलाये गये समाधान शिविर। ग्रमीणों का कहना है कि जब ये सी एम विड़ों व समाधान किसी के काम के नही, फिर इनको चलाकर सरकार समय व पैसा क्यों बर्बाद कर रही है, इससे अच्छा तो इन सब झमेलों को तुरंत बंद किया जाना चाहिए। पाई के गरीब परिवार के मालिक बलवीर सिंह ने बताया कि उनका छोटा सा तीन व्यक्तियों का छोटा सा परिवार था। जिसमें वह, उसकी पत्नी जसवीर तथा उसका पुत्र गुरमीत शामिल था। तीनों की ही परिवार पहचान पत्र नम्बर 4 एच एम पी 4651 है। जिसमें पहले उनके परिवार की वार्षिक आय 25 से 50 हजार तक अंकित थी। उनके पास कृर्षि की लगभग एक दबडी यानि एक एकड़ के चौथे भाग से भी एक जमीन है, परन्तु बिना पानी के लिये वह भी उनके लिये बेकार है। दूसरा परिवार उसके भाई रमेश, राजेशा व उनकी मां जुनी का है। उसके दोनों भाई की शादी नही हुई है और वह परिवार भी उसके पुत्र गुरमीत पर ही निर्भर था। उनका परिवार केवल मनरेगा मजदूरी पर निर्भर था।

लगभग डेढ़ साल पूर्व सितम्बर 2023 में बिजली विभाग के द्वारा उनके परिवार पहचान पत्र में किसी दूसरे का मीटर जोड़ दिया गया और इससे परिवार पहचान पत्र में उनकी आय ढाई लाख बन गई। काफी भाग दौर करने के बावजूद उस समय उन्होंने किसी तरह अपना परिवार पहचान पत्र ठीक करवाया। परिवार पहचान पत्र के ठीक होने के कुछ दिनों बाद किसी ने उनके इस परिवार पहचान पत्र में कलाशों तथा भावना का नाम जोड़ दिया गया। जब वे इन दोनों नामों को कटवाने के लिये भाग दौड़ कर रहे थे तो ये नाम काटने की बजाय उनके परिवार पहचान पत्र में एक अन्य व्यक्ति अजीत पुत्र रतना और जोड दिया गया तथा उनके परिवार की आय भी इससे बढ़ कर 10 लाख से भी अधिक हो गई। इससे उनका बीपीएल राशान कार्ड कट गया और अन्य मिलने वाली सुविधायें भी बंद हो गई।

#### पुत्र को नौकरी से हटाया गया

पीड़ित ने बताया कि उसका पुत्र गुरमीत मेरे व मेरे अन्य दो भाई यानि दो परिवारों का एक मात्र सहारा था। उसने पढ़ाई में भी रूचि दिखाई और एक ए अंग्रेजी में पास किया हुआ था। उसके पुत्र ने हरियाणा कौशल के लिये भी आवेदन किया था और उसमें नम्बर भी पड़ गया था, परंतु परिवार पहचान पत्र में आय ज्यादा होने के कारण उसका नाम नौकरी से हटा दिया गया। उन्होंने बताया कि उसने अपना परिवार पहचान पत्र ठीक करवाने के लिये सी एम विड़ों, कुरुक्षेत्र सी एम कार्यालय, सरकार द्वारा कैथल व पूंडरी में सरकार द्वारा चलाये गये समाधान शिविरों में थके काये, परन्तु कहीं से भी कोई समाधान नही किया। परिवार पहचान पत्र में गलत अधिक आय होने से नौकरी न लगने तथा परिवार पहचान पत्र ठीक न होने के कारण उसका पुत्र गुरमीत टेंशन में रहने लग गया था। इसी कारण गत 11 फरवरी 2025 को रात को सोये हुए उसके दिमाग की नस फट जाने से मौत हो गई। इस उन तीनों गरीब भाई का एकमात्र सहारा इस आनलाईन पोर्टल छीन लिया। इसके बाद भी उसके परिवार पहचान पत्र को ठीक नही किया जा रहा।



**कैथल।** लघु सचिवालय में भूख हड़ताल पर बैठे भाकियू नेता व कर्मचारी।

# किसान संगठनों ने की सांकेतिक भूख हड़ताल

- मांगों को लेकर लघु सचिवालय में परिसर में बैठकर की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल में किसान संगठनों ने अपनी मांगों को लेकर लघु सचिवालय में एक दिवसीय सांकेतिक भूख हड़ताल की। यह हड़ताल किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के अनशन के 100 दिन पूरे होने पर की गई। भारतीय किसान यूनियन धन्ना भगत के प्रधान होशियार सिंह गिल और नौजवान किसान यूनियन के प्रधान जसविंदर ढुल ने बताया कि जिलेभर के विभिन्न संगठनों से जुड़े किसान सुबह 9 बजे से सचिवालय में जुटना शुरू हो गए। सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक धरना देकर हड़ताल की गई। किसानों ने संघर्ष जारी रखने की चेतावनी दी। धरने के जरिए किसानों की मांगों को सरकार के समक्ष रखा गया। किसान नेताओं ने यह भी कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं की जाती, तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा। साथ ही मांग की कि सरकार किसानों की तरफ ध्यान दे और उनकी मांगों को जल्द से जल्द पूरा करे।

#### ये हैं मांगें

- पूरे देश के किसानों के लिए सभी फसलों की एमएसपी पर खरीद की गारंटी का कानून बनाया जाए और डॉ. स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट के अनुसार फसलों के भाव तय किए जाएं।
- किसानों और मजदूरों की पूर्ण कर्ज मुक्ति की जाए।
- भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 को पूरे देश में पुनः लागू किया जाए एवं भूमि अधिग्रहण से पहले किसानों की लिखित सहमति व मार्केट रेट से 4 गुणा मुआवजा देने का प्रावधान हो।
- लखीमपुर खीरी नरसंहार के दोषियों को सजा एवं पीड़ति किसानों को न्याय दिया जाए।
- भारत विश्व व्यापार संगठन से बाहर आए एवं सभी मुक्त व्यापार समझौतों पर रोक लगाई जाए।
- किसानों और खेत मजदूरों को पेंशन दी जाए।
- दिल्ली कोर्ट के दौरान मृतक किसानों को मुआवजा व परिवार के 1 सदस्य को नौकरी दी जाए।
- विद्युत संशोधन विधेयक 2020 को रद्द किया जाए।
- मनरेगा के तहत प्रति वर्ष 200 दिन का रोजगार, 700 रुपए का मजदूरी भत्ता दिया जाए।

# ब्रेस्ट कैंसर महिलाओं तक सीमित नहीं

- ब्रेस्ट कैंसर अवेयरनेस विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय, कैथल में महिला प्रकोष्ठ के अंतर्गत /"ब्रेस्ट कैंसर अवेयरनेस/" विषय पर एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ. सीमा जांगड़ा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. ममता जैन (आई विशेषज्ञ) और डॉ. काविता जिंदल (कैंसर विशेषज्ञ) थीं। इस अवसर पर वक्ताओं ने ब्रेस्ट कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की। इनमें मासिक स्तन और अंडरआर्म क्षेत्र की जांच महिलाओं को सलाह दी गई कि वे नियमित रूप से अपने स्तन और अंडरआर्म क्षेत्रों की स्वयं जांच करें, ताकि किसी भी असामान्य वृद्धि या गांठ को समय रहते पहचाना जा सके। जल्दी उम्र में मासिक धर्म की शुरूआत और देर से रजोनिवृत्ति का प्रभाव यह बताया गया कि जल्दी मासिक धर्म शुरू होना और देर से रजोनिवृत्ति आना ब्रेस्ट कैंसर के जोखिम को बढ़ा सकता है। सामान्य भ्रांतिया वक्ताओं ने यह भी स्पष्ट किया कि ब्रेस्ट कैंसर केवल महिलाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पुरुषों को भी प्रभावित कर सकता है।

#### जागरुकता ही रोगों से बचाव का माध्यम

कार्यक्रम में महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. रोजी गुप्ता ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वास्थ्य जागरूकता ही रोगों से बचाव का सबसे बड़ा माध्यम है। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे इस जानकारी को अपने परिवार और समाज में भी फैलाएं। अंत में, कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. रोजी गुप्ता ने मुख्य वक्ताओं डॉ. ममता जैन और डॉ. काविता जिंदल का इस महत्वपूर्ण सत्र के लिए आभार व्यक्त किया और उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के शिक्षकगण डॉ पूनम, डॉ इंदु, डॉ नीलम, डॉ मीना, डॉ मंजू एवं स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे।

### शिविर में स्वयंसेवकों ने किया सूर्य नमस्कार

**कैथल।** आरकेएसडी कॉलेज, कैथल की एनएसएस टीम द्वारा आयोजित शिविर का पांचवां दिन राजकीय प्राथमिक स्कूल, खुराना, कैथल में शुरू हुआ। दिन की शुरूआत एनएसएस प्रार्थना और गीत के साथ हुई, इसके बाद सूर्य नमस्कार और योग किया गया। इस शिविर का मुख्य विषय "सशक्त भारतः युवा को सशक्त बनाना, भारत को सशक्त बनाना" है। शिविर के पहले चरण में, स्वयंसेवकों ने वाद-विवाद प्रतियोगिता में भाग लिया। दिन के मुख्य अतिथि, अजय अमन, यूनियन बैंक की आरकेएसडी शाखा के मैनेजर, ने बैंकिंग के बारे में जानकारी साझा की और धोखाधड़ी से बचने के लिए सुझाव दिए।

# जल संरक्षण के लिए दिया प्रशिक्षण

- जल संरक्षण पर सरपंचों, पंचों व ग्राम सचिवों का प्रशिक्षण संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



**कैथल।** उपस्थितजनों को जल जीवन मिशन के तहत प्रशिक्षण देते हुए जिला सलाहकार दीपक कुमार।

जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और जल जीवन मिशन को गति देने के उद्देश्य से जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन द्वारा 29 जनवरी 2025 से 5 मार्च 2025 तक कैथल जिले के विभिन्न खंडों में एकदिवसीय क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 277 सरपंचों, 1108 पंचों, 277 स्वयं सहायता समूहों और लगभग 200 ग्राम सचिवों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। खंड स्तर पर आयोजित इन प्रशिक्षण सत्रों में जल संरक्षण, जल जीवन मिशन, पेयजल की गुणवत्ता, विश्व जल दिवस, जल आपूर्ति योजना, ग्राम जल एवं सीवरेज समिति के अधिकारों एवं कर्तव्यों के साथ-साथ स्वयं सहायता समूहों की भूमिका पर विस्तृत जानकारी दी गई।

#### जिला सलाहकार दीपक कुमार की रही भूमिका

इस कार्यक्रम में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के वासो के जिला सलाहकार दीपक कुमार की विशेष भूमिका रही। उन्होंने जल पर्यावरण के महत्व, पारिस्थितिकी तंत्र में जल की भूमिका, भूमिगत जल स्तर के गिरने के कारणों और समाधान पर विस्तृत जानकारी दी।

गुहला में हुआ समापन समारोह

5 मार्च 2025 को गुहला खंड के बीडीपीओ सभागार में प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ, जिसमें 22 गाँवों के सरपंचों, पंचों, ग्राम सचिवों और स्वयं सहायता समूहों ने भाग लिया। इस मौके पर फील्ड टेस्टिंग किट से पानी की गुणवत्ता जांचने का व्यवहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया।

# कर्मठता के आधार पर ही होती है सुंदरता गहरी : जगमती सांगवान

- खेत मजदूर महिलाओं के राज्य स्तरीय सम्मेलन का आयोजन



**कैथल।** अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन की बैठक को संबोधित करती नेत्री। फोटो : हरिभूमि

**कैथल।** अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन हरियाणा राज्य कमेटी के तत्वाधान में शहीद भगत सिंह भवन कैथल में खेत मजदूर महिलाओं की राज्य स्तरीय कन्वेंशन आयोजित की गई। अध्यक्षता कामरेड जगमाल सिंह,रंजू ,पूनम,सरोज व मुर्ति देवी ने संयुक्त रुप से की व संचालन कामरेड प्रेम चंद ने किया। कन्वेंशन का उदघाटन जनवादी महिला समिति की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व खेत मजदूर यूनियन की पूर्व राष्ट्रीय परिषद मैम्बर जगमती सांगवन ने किया। उन्होने सम्बोधित करते हुए कहा कि देश के आजादी के आंदोलन में अन्य लोगों के साथ किसान व खेत मजदूरों ने बड़ी भूमिका अदा की थी और उस दौरान एक नारा /"रात अंधेरी कट के रहेगी धन और धरती बंट के रहेगी/"लोकप्रिय हुआ था।

# पुलिस ने 68 मामलों में 148 आरोपी किए गिरफ्तार

- 25 लाख 92 हजार 514 रुपये की चोरीशुदा जन संपत्ति बरामद
- 16 बेल जंपर तथा 12 पीओ भी किए गए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



एसपी राजेश कालिया

पुलिस द्वारा जिला में एसपी राजेश कालिया के निदेर्शानुसार अमन-चैन एवं कानून व्यवस्था कायम रखने के अतिरिक्त नागरिकों को नशे के दुष्परिणाम तथा साइबर अपराध से अवगत करवाने के लिए जागरूक करने सहित अपराधियों के खिलाफ उच्च मनोबल के साथ कर्तव्य पालन करते हुए माह फरवरी के दौरान उल्लेखनीय सफलता हासिल की गई है। शराब व मादक पदार्थ तस्करी, चोरी, लूट, सेंधमारी, अवैध असला रखने आदि के 68 मामलों में 148 आरोपी गिरफ्तार किए गए है।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि फरवरी माह दौरान संपंती विरुद्ध अपराधियों पर शिकंजा कसते हुए 54 मामलों में 128 आरोपी काबू करके उनके कब्जे से 25 लाख 92 हजार 514 रुपए मूल्य की चोरीशुदा जन संपत्ति बरामद की गई है। गत माह के दौरान मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले अपराधियों के खिलाफ विशेष मुहिम चलाकर एनडीपीएस एक्ट तहत 7 मामले दर्ज करके 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जिनके कब्जे से 52.04 ग्राम अफीम, 3 किलो 395 ग्राम अफीम पौधे, 12.139 ग्राम हेरोइन, 630 ग्राम गांजा व 900 नशीली गोलियों सहित बड़ी मात्रा में नशीला पदार्थ बरामद किया गया। फरवरी माह के दौरान आबकारी अधिनियम के तहत दर्ज किए गए 4 मामलों में 4 आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं।

#### आमजन की सुरक्षा प्रथम दायित्व

एसपी ने कहा कि पुलिस का प्रथम दायित्व आमजन की जानमाल की सुरक्षा करना है। जिला पुलिस अमन-चैन एवं कानून व्यवस्था कायम रखने के लिए अराजक अपराधियों, शराब,नशा व असला तस्करों के खिलाफ उच्च मनोबल के साथ कर्तव्य पालन कर रही है। किसी भी व्यक्ति को कानून व्यवस्था नही बीगडने दी जाएगी। एसपी ने आमजन से भी अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना निर्भिकता से तुरंत पुलिस को दे,ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

### सरसों की आवक शुरू नहीं हो रही खरीद

- सरसों की खरीद को लेकर सरकार की आलोचना

**राजौंद।** भारतीय किसान मजदूर यूनियन कमेरा वर्ग के पदाधिकारियों ने गांव नीमवाला में बैठक की। इस दौरान सरसों की फसल की खरीद को लेकर सरकार की कड़ी आलोचना की। यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष महावीर चहल ने कहा कि लगभग पूरे हरियाणा की मंडियो में सरसों की फसल की आवक जोरों पर है लेकिन सरकारी खरीद शुरू नहीं हो रही जिस कारण किसान को 1200 से 1600 रुपए तक का नुकसान प्रति क्विंटल हो रहा है। इस दौरान युवा प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र मागो माजरी ने कहा कि एक तरफ तो प्रकृति मार ओलावृष्टि से किसान की फसल का नुकसान हो गया और दूसरी तरफ सरकार जानबुझ कर किसानों की फसल न खरीद कर किसानों का आर्थिक नुकसान कर रही है। सबको पता है कि सरकार द्वारा निर्धारित सरसों फसल की खरीद 15 मार्च है और उस समय तक 90 प्रतिशत किसान अपनी सरसों बेच चुका होगा क्योंकि किसान फसल को रोकने या स्टॉक करने में असमर्थ हैं।

# नागरिक अस्पताल में आने के लिए पार करना पड़ रहा गंदे पानी का दरिया

- मरीजों और तीमारदारों को उठानी पड़ रही भारी परेशानी



**कलायत।** उप मंडल नागरिक अस्पताल की गली में जमा सीवरेज का गंदा पानी

**कलायत।** कलायत उप मंडल नागरिक अस्पताल में उपचार लेने के लिए इन दिनों लोगों को सीवरेज गंदे पानी के दरिया को पार करना पड़ रहा है। श्री सांई मदिर के पास जमा सीवरेज का गंदा पानी इसकी मुख्य वजह बना है। इस मार्ग पर श्री सांई के साथ-साथ सहकारी बैंक, धर्मशाला, भगवान परशु राम सामुदायिक भवन व निजी क्षेत्र की दुकानें हैं। श्रीसाईं मंदिर पुजारी रमेश कौशिक का कहना है कि मंदिर के सामने गली में सीवरेज का कई-कई फीट पानी जमा है। पिछले कई दिनों से इन हालातों को लेकर लोग परेशान हैं। सीवरेज ओवरफ्लो होकर गंदा पानी मेनहोल से बाहर आकर जमा हो रहा है। समस्या को लेकर वे नगरपालिका व जनस्वास्थ्य विभाग में बार-बार संपर्क कर चुके हैं। समस्या जस की तस है। एक तरफ तो स्वास्थ्य विभाग डेंगू व मलेरिया से बचाव के लिए घरों में जा कर मच्छरों को चैक करता है। जबकि अस्पताल की गली में ही हालात खराब हैं।

**कार्यक्रम** स्वयं सेविकाओं ने महाविद्यालय के प्रांगण में किया श्रमदान

# राष्ट्रीय सेवा के लिए एनएसएस बेहतरीन प्लेटफार्म : राजेश सैनी

- राजकीय महिला महाविद्यालय कलायत में शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



**कैथल।** छात्राओं को संबोधित करती प्रोफेसर।

श्री कपिल मुनि राजकीय महिला महाविद्यालय, कलायत में एनएसएस यूनिट द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इसमें एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ राम जुवारी के दिशा निर्देश में सभी एन एस एस स्वयंसेविकाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कैंप को दो भागों में विभाजित किया। कैंप के प्रातः काल के सत्र का शुभारंभ प्राचार्य राजेश कुमार सैनी के प्रेरणादायक वक्तव्य के साथ किया। जिसमें उन्होंने स्वयं सेविकाओं को राष्ट्र की सेवा करने के लिए हमेशा तैयार रहने की प्रेरणा दी। राष्ट्रीय सेवा के लिए उन्होंने एन एस एस को सही मार्ग बताया। श्री सैनी ने कहा समाज से बुराइयों को खत्म करने के लिए एन एस एस बहुत अच्छी भूमिका निभाता है। इसके साथ ही उन्होंने छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इसके बाद स्वयं सेविकाओं ने महाविद्यालय के प्रांगण में श्रमदान की गतिविधि की जिसमें छात्राओं ने मंच को ठीक करने के लिए इटें एकत्रित की, खेल के मैदान से विशेष प्रकार की घास को उखाड़कर मैदान की सफाई की। छात्राओं ने एनएसएस यूनिट का लोहे का बोर्ड महाविद्यालय के मेंन गेट के साथ लगवाया। श्रमदान की गतिविधि को पूरा करने के लिए प्राध्यापक सुरेश कुमार एवं शेर सिंह ने योगदान दिया।

सांयकालिन सत्र में डॉ. कविता शास्त्री को मुख्य वक्ता के तौर पर बुलाया गया। मंच का संचालन डॉ राम जुवारी ने किया। डॉ. कविता ने विनम्रता शीर्षक पर अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया। इस सत्र के अंत में छात्रों ने सांस्कृतिक गतिविधियां प्रस्तुत की जिसमें बी ए तृतीय वर्ष की छात्रा कोमल ने चुटकुले एवं एम कोम फाइनल की छात्रा मुकेश ने कविता सुनाई।

**पी.एम.श्री रा.व.मा. विद्यालय**
**भाणा ब्राह्मणान (जींद)**
**नीलामी सूचना**
गिरे हुए एवं सूखे पेड़ों की बोली विद्यालय परिसर में दिनांक 18.03.2025 को सुबह 10:00 बजे होनी है। इच्छुक आदमी तय कीमत (Rs 14187) की 10% राशि जमा कराकर बोली में भाग ले सकता है।
हस्ता/- प्रधानाचार्य पी.एम.श्री रा.व.मा. विद्यालय भाणा ब्राह्मणान (जींद)

## खबर संक्षेप



### पर्स लौटाकर ईमानदारी का परिचय दिया

**जींद।** जींद डिपो की बस कैथल से जींद आ रही थी। इसमें चालक कृष्ण और परिचालक धर्मवीर सिंह ने जींद आने पर बस को चेक किया तो बस में एक पर्स मिला। जिसमें दस हजार रुपये की नकदी और जरूर कागज थे। पर्स में मिले मोबाइल नंबर से पर्स के मालिक कैथल जिले के कसान गांव निवासी मोहित से संपर्क किया गया। मोहित को बस स्टैंड पर बुला कर पर्स वापस किया गया।

### चोरों ने लाखों के बिजली ट्रांसफार्मर चुराए

**कैथल।** चीका पुलिस ने बिजली चोरी का एक मामला दर्ज किया है। बिजली निगम चीका के एसडीओ दीपक शर्मा ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि चोर 27 फरवरी को दरबारा सिंह के खेतों में रखा ट्रांसफार्मर चुरा कर ले गए। चुराए गए ट्रांसफार्मर की कीमत करीब 70000 बताई गई है। एएसआई रामपाल ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दूसरे मामले में बिजली निगम गुहला के एसडीओ राहुल ने गुहला पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि चोर 25 फरवरी को अगौंध के किसान नोनीहाल सिंह के खेतों में रखा ट्रांसफार्मर अन्य सामान चुरा कर ले गए। चुराए गए सामान की कीमत 113850 रुपये बताई गई है।

### मारपीट करने के मामले में बेल जंपर गिरफ्तार

**कैथल।** पीओ स्टाफ इंचार्ज एसआई ओमप्रकाश की अगुवाई में एसआई सतीश कुमार द्वारा वर्ष 2022 दौरान पत्नी के साथ मारपीट करने के मामले में उद्घोषित अपराधी गांव सांघन निवासी आरोपी इंद्रपाल को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी पर 26 जून 2022 को शराब के नशे में अपनी पत्नी के साथ मारपीट कर चोट मारने का आरोप है। जिस बारे थाना सदर में मामला दर्ज है। आरोपी इंद्रपाल को पुलिस द्वारा उक्त मामले में गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश किया गया था, लेकिन आरोपी न्यायालय से जमानत लेने उपरांत न्यायालय में दोबारा हाजिर नहीं हुआ था और भूमिगत हो गया था। आरोपी को न्यायालय ने आदेशों की अवहेलना करने के आरोप में 14 फरवरी 2025 को पीओ घोषित कर दिया था।

# डाहौला के लोगों ने पुलों पर विभाग द्वारा घटिया निर्माण सामग्री इस्तेमाल करने का आरोप लगाया

**ग्रामीणों ने डीसी को दी शिकायत सिंचाई विभाग द्वारा डाहौला तथा साथ लगते गावों में तीन पुलों का करवाया जा रहा निर्माण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा

डाहौला गांव के लोगों ने गांव तथा साथ लगते लगती गांव की माइनरों पर बन रहे पुलों के निर्माण में घटिया निर्माण सामग्री लगाने के आरोप लगाते हुए मामले की शिकायत डीसी जींद को दी है। डीसी जींद ने मामले को लेकर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन डाहौला गांव के लोगों को दिया है। डीसी जींद को दी शिकायत मे डाहौला गांव के बिजेंद्र ने बताया कि सिंचाई विभाग द्वारा डाहौला तथा आसपास गांवों की माइनरों पर तीन पुलों का निर्माण करवाया जा रहा है। जिसमें घटिया स्तर की निर्माण सामग्री लगाई जा रही है। पुलों पर घटिया स्तर की निर्माण सामग्री लगाने के चलते सरकार को घोटाला के रूप में राजस्व के रूप में चूना लगाया जा रहा है। गांव के लोगों का कहना है कि मामले को लेकर सिंचाई विभाग तथा ठेकेदार को अवगत करवाया, लेकिन उक्त लोगों ने मामले को लेकर किसी प्रकार का संज्ञान नहीं लिया। जिसके कारण उक्त पुल कभी गिरकर किसी बड़ी घटना को अंजाम दे सकते हैं। गांव के लोगों ने मामले को लेकर डीसी से जांच करवा दोषी लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

**खास बातें**

- इसकी विजीलेंस जांच भी हो चुकी है लेकिन जांच किस अधिकारी द्वारा की गई, कोई जवाब नहीं
- डीसी ने मामले को लेकर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन गांव के लोगों को दिया

### केवल दो हजार घटिया ईंट आई थी, उनको वापस कर दिया : जयपाल



**जींद।** मामले को लेकर डीसी को दी शिकायत दिखाते डाहौला गांव के ग्रामीण।

पुलों का निर्माण करवा रहे जयपाल ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में है। इसकी विजीलेंस जांच भी हो चुकी है लेकिन जांच किस अधिकारी द्वारा की गई, पूछने पर वह कोई जवाब नहीं दे पाए। जयपाल का कहना है कि शुरू-शुरू में भटठे से उच्च क्वालिटी की ईंटे नहीं आई थी लेकिन अब निर्माण स्थल पर अच्छी क्वालिटी की ईंट पहुंच रही है। पुलों का निर्माण अच्छी क्वालिटी के सामान से किया जाएगा।



**जींद।** डाहौला गांव के पास मौके पर पुल निर्माण स्थल पर पड़ी घटिया स्तर की ईंटे।

### अब कोई दिक्कत नहीं, अच्छी ईंटे मंगवाई : जेई

सिंचाई विभाग के जेई आसिफ ने बताया कि शुरूआत में पुल निर्माण को लेकर कुछ ईंटे खराब आई थी। इसके लिए ठेकेदार को बोल दिया था। ठेकेदार ने उक्त ईंटों को वापिस भेजकर अच्छी क्वालिटी की ईंटे मंगवा ली है। अब निर्माण मामले को लेकर किसी प्रकार की दिक्कत नहीं है। बिजिलेंस जांच मामले को लेकर उनके मामला संज्ञान में नहीं है।

## डीसी ने किया वन स्टॉप सेंटर का औचक निरीक्षण

# खामियों पर सेंटर इंचार्ज व गैर हाजिर मिलने पर दो कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस

**रिकॉर्ड के साथ इंचार्ज को डीसी कार्यालय में तलब किया गया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



**कैथल।** डीसी प्रीति वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण करते हुए

डीसी प्रीति ने बुधवार सायं थाना सदर के निकट स्थित वन स्टॉप सेंटर का औचक निरीक्षण किया। जहां रिकॉर्ड रखने में खामियों सहित अन्य कारणों के चलते सेंटर इंचार्ज व गैर हाजिर मिलने पर दो कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही डीसी ने इंचार्ज को रिकॉर्ड सहित डीसी कार्यालय में तलब किया। डीसी प्रीति बुधवार सायं थाना सदर के निकट बनाए गए वन स्टॉप सेंटर में पहुंचीं। जहां डीसी ने सबसे पहले स्टॉफ कक्ष, जरूरतमंद महिलाओं व बच्चों के रहने के कमरे, रसोई सहित अन्य कमरों का निरीक्षण किया। इसके बाद डीसी ने हाजिरी रजिस्टर, मूवमेंट रजिस्टर, स्टॉक रजिस्टर सहित यहां आने वाली महिलाओं व बच्चों से संबंधित रिकॉर्ड का निरीक्षण किया। महिला थाना में अतिरिक्त कार्यभार संभाल रही सेंटर प्रभारी सुनीता शर्मा को मौके पर बुलाया। डीसी ने स्टॉफ की संख्या सहित स्टॉक रजिस्टर के बारे में जानकारी मांगी। रिकॉर्ड दुरुस्त रखने में कई तरह की खामियां मिलीं। जिस पर डीसी ने सेंटर प्रभारी सुनीता शर्मा को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्थिति स्पष्ट करने को कहा। इसके साथ ही उन्होंने मौके पर मौजूद स्टॉफ कर्मियों के अलावा स्टॉफ की जानकारी ली। जिसमें पता चला कि मौके पर दो कर्मचारी गैर हाजिर हैं। डीसी ने दोनों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के आदेश दिए। डीसी ने महिलाओं व बच्चों के लिए भोजन से लेकर अन्य सुविधाओं की जानकारी हासिल की।

**सुविधाएं नियमानुसार उपलब्ध हों**

डीसी ने कहा कि वन स्टॉप सेंटर एक महत्वपूर्ण आश्रयस्थल है। यहां जरूरत पड़ने पर विभिन्न केसों में जरूरतमंद महिलाएं व 12 साल तक के बच्चे अधिकतम पांच दिन तक रह सकते हैं। यहां आने वाली महिलाओं व बच्चों को सभी मूलभूत सुविधाएं नियमानुसार उपलब्ध करवाई जाएं। उन्होंने कहा कि कार्य में कोताही किसी भी सूरत में सहन नहीं की जाएगी। डीसी ने कहा कि सुरक्षा कर्मचारी सेंटर के बाहर ड्यूटी देंगे। इसके अलावा यदि किसी तरह की कोई समस्या है तो उस बारे में उन्हें अवगत करवाएं।

### ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के लिए सतर्क रहें आमजन

**कैथल।** डीसी प्रीति ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में साइबर धोखाधड़ी के मामले सामने आ रहे हैं। बैंकिंग धोखाधड़ी, यूपीआई फिशिंग, फेक लिंक और अन्य ऑनलाइन ठगी से बचने के लिए आमजन को सतर्क रहने की जरूरत है। किसी भी अनजान कॉल, संदिग्ध लिंक या बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें। किसी भी तरह की ऑनलाइन धोखाधड़ी या साइबर क्राइम की घटना होने पर तुरंत 1930 हेल्पलाइन पर सूचना दें। क्योंकि साइबर धोखाधड़ी के मामलों में जितना जल्दी सूचना पुलिस व अन्य संबंधित एजेंसियों तक पहुंचती है साइबर अपराध को रोकने की संभावना उतना ज्यादा होती है।

उन्होंने बताया कि साइबर अपराध की शिकायत करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा वेबसाइट और 1930 साइबर हेल्पलाइन उपलब्ध करवाई गई है।

## शिविर में 88 यूनिट रक्तदान किया

- हर व्यक्ति को रक्तदान जरूर करना चाहिए : सतपाल जांबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

भारत विकास परिषद शाखा फतेहपुर पूंडरी द्वारा पूंडरी के सेठ झंडामल धर्मशाला में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में हल्का विधायक सतपाल जांबा नें व विशिष्ट अतिथि के रूप में सचिन उप्पल नें शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष प्रवीन मित्तल नें की। शिविर में मुख्य रूप में बबीता सिंगला, ममता गर्ग व मदन मोहन ने भाग लिया। उन्होंने रक्तदाताओं को बैच लगाकर सम्मानित किया। नोबल ब्लड बैंक व रेडक्रोश सोसाइटी के सहयोग से लगाए गए इस रक्तदान शिविर में 88 लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर विधायक सतपाल जांबा नें भी रक्तदान किया।



**पूंडरी।** आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदान करते विधायक सतपाल जांम्बा।

**बीमारियां ठीक होती हैं**

विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि रक्तदान करने से शरीर पर किसी भी प्रकार कोई दुष्प्रभाव नहीं पड़ता है, बल्कि कई प्रकार की बीमारियां ठीक हो जाती है और जो शरीर में कोई बीमारी है तो उसका पता चल जाता है। रक्त दान करने से किसी भी मनुष्य के कीमती जीवन को बचाया जा सकता है। हर व्यक्ति को रक्तदान जरूर करना चाहिए, इससे शरीर में नई रक्त कोशिकाएं बनती है और कोलस्ट्रौल जैसी बीमारियों से बचा जा सकता है। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रवीन मित्तल, महिला सहभागिता प्रमुख निधि मोहन, शाखा संरक्षक विनोद बंसल, संगठन सचिव डॉ. राजेश कुकरेजा, सचिव विकास सिंगला, कोषयक्ष राजेश शर्मा, डॉ. मनीषा आदि मौजूद रहे।

## हैंडबॉल में एसडी कॉलेज की छात्राओं का परचम

- चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में हुई प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना



**नरवाना।** प्रतियोगिता में विजेता रहे खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद में आयोजित इंटर यूनिवर्सिटी नॉर्थ जोन हैंडबॉल चैंपियनशिप में सनातन धर्म महिला महाविद्यालय नरवाना की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया।

महाविद्यालय की शारीरिक शिक्षा विभाग की प्रवक्ता मनीषा नैन ने प्रतियोगिता की जानकारी देते हुए बताया कि चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय का पहला मैच नैनीताल से हुआ जिसमें रणवीर सिंह विश्वविद्यालय की टीम ने नैनीताल को 26.3 के बड़े अंतर से हरायाष् इसी प्रकार प्रतियोगिता में पटियालाए एलपीयू पंजाब को हराते हुए विश्वविद्यालय की टीम फाइनल में पहुंची। फाइनल मुकाबला चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय भिवानी से हुआ जिसे चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय की टीम ने 31.21 से जीता। इस प्रतियोगिता की खास बात यह रही कि इस टीम में सभी खेलने वाले खिलाड़ी एसडी महिला कॉलेज नरवाना के रहे। इस टीम में प्रीति और अनिका अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों ने अपना बहुमूल्य योगदान दिया। प्राचार्या डॉ अंजना लोहान ने विजेता खिलाड़ियों और उनकी कोच मनीषा को बधाई देते हुए भविष्य में आगे बढने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर प्रबंधन समिति के प्रधान सुरेश सिंघलए उप प्रधान राजकुमार गोयलए सचिव जियालाल गोयल व कोषाध्यक्ष जवाहर लाल सिंगला ने मनीषा कोच व सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की।



**जींद।** महिला आयोग की चेयरपर्सन को स्मृति चिन्ह देते हुए।

## महिला दिवस का उद्देश्य सम्मान की रक्षा करना भी : रेणू भाटिया

- चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी थीम अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्रवाई में तेजी लाना रही। वीसी प्रो. सोमनाथ सचदेवा व कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन ने मुख्यअतिथि और अन्य सभी गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में माँ सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख द्वीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उद्घाटन समारोह में मुख्यअतिथि के रूप में महिला आयोग हरियाणा की चेयरमैन रेणू भाटिया रही। उन्होंने कहा कि महिला दिवस का उद्देश्य न केवल महिलाओं के अधिकारों की रक्षा करना है बल्कि उनके सम्मान और समानता की दिशा में भी काम करना है। यह हमें यह याद दिलाता है कि समाज में महिलाओं को वह दर्जा और सम्मान मिलना चाहिए। जिसके वे पूरी तरह से हकदार हैं।

**भूमिका समझें**

विश्वविद्यालय कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन ने महिला दिवस हमें महिलाओं की शक्ति और उनकी भूमिका को समझने का अवसर देता है। चाहे वह घर हो, कामकाजी हो, शिक्षा का क्षेत्र हो या खेलकूद। महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं। उन्होंने यह साबित किया है कि वे किसी से कम नही हैं। डा. निशा ने कहा कि महिला दिवस पर हम सभी का कर्तव्य है कि हम महिलाओं के अधिकारों को लेकर जागरूकता फैलाएं और उनके समग्र विकास के लिए काम करें। हमें न केवल आज बल्कि हर दिन महिलाओं के अधिकारों और उनके योगदान का सम्मान करना चाहिए।

## वेदांता स्कूल में कराटे, खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

वेदांता इंटरनेशनल स्कूलए कलोड़ा खुर्द में प्रथम वेदांता कराटे चैम्पियनशिप का शानदार आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में स्कूल के छात्रों ने कराटे के उत्कृष्ट कौशल का प्रदर्शन कियाए जिससे उनके आत्मविश्वास और खेल भावना में वृद्धि हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुनीत बेरवालए कराटे टेक्निकल डायरेक्टर वर्ल्ड कराटे फेडरेशनद ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई और छात्रों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कराटे के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह न केवल आत्मरक्षा का एक सशक्त माध्यम हैए बल्कि अनुशासन और मानसिक शक्ति को भी विकसित करता है। प्रतियोगिता के अंत में विजेता छात्रों को पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस चैम्पियनशिप के विजेता छात्र हैं रुद्रएशुभमएयोवनएसफलएतेजानण इसके अलावाए कई छात्रों की बेल्ट लेवल में उन्नति अपग्रेडेशन भी की गईए जिससे उनका मनोबल और अधिक बढ़ा।

इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर इंजीनियर प्रदीप नैन ने कहाए हमारे स्कूल में शिक्षा के साथ.साथ आत्मरक्षा और शारीरिक सशक्तिकरण को भी बढ़ावा दिया जाता है। कराटे चैम्पियनशिप का आयोजन इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



**नरवाना।** प्रतियोगिता में दमखम दिखाते हुए खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

## वाटर सप्लाई घर के पीछे वाली गली उबड खाबड़, लोगों को हो रही परेशानी

**राजौंद।** राजौंद के वार्ड नंबर 3 व 4 में वाटर सप्लाई के पीछे से निकलने वाली गली उबड खाबड़ होने के कारण लोगों को बहुत परेशान होना पड़ रहा है। आलम यह है कि कोई भी यहां से पैदल भी नहीं गुजर सकता। यहां नालियों में हर समय पानी भरा रहता है। इससे लोगों को बहुत परेशानी हो जाती है। इस वार्ड के लोग इस गली को लेकर काफी परेशान है। लोगों का कहना है कि कुछ माह पहले बनी यह गली इतने समय में खराब हो गई है। जिससे साफ नजर आ रहा है कि यहां घटिया सत्र का मटेरियल इस्तेमाल किया गया है। इतना ही नहीं यहां छोटे-छोटे बच्चों का स्कूल भी पड़ता है। जिन्हें यहां से गुजर कर स्कूल आना जाना पड़ता है।



**राजौंद।** पुरानी वाटर स्पलाई के पीछे से निकलने वाली उबड़-खाबड़ गली का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

## हिंदू कन्या महाविद्यालय की तनीशा दिशा और अनु ने जीता स्वर्ण पदक

- चौधरी रणबीर सिंह विवि में हुई थी प्रतियोगिता, दिखाया दमखम

**जींद।** गत 28 फरवरी से तीन मार्च तक चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में आयोजित हुई उत्तर क्षेत्रीय अंतर विश्वविद्यालय महिला हैंडबाल प्रतियोगिता में हिंदू कन्या महाविद्यालय की तीन खिलाडिय़ों ने भाग लिया। जिसमें तनीशा राष्ट्रीय स्तर की स्वर्ण पदक विजेता है और दिशा व अनु दोनों ही खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी है। शारीरिक शिक्षा विभाग की इंचार्ज डा. नीलम रानी व प्राध्यापिका मीना मलिक ने बतायाय कि महाविद्यालय के खिलाड़ी खेल के हर क्षेत्र में बढ़चढ़ कर भाग लेते हैं और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त कर रहे हैं। महाविद्यालय की प्राचार्या डा. पूनम मोर ने खिलाडिय़ों को आशीर्वाद स्वरुप उज्जवल भविष्य की कामना की। महाविद्यालय के प्रबंधक प्रधान डा. अंशुल सिंगला व प्रबंधक कमेटी के सदस्यों ने प्रोत्साहित किया।



**जींद।** स्वर्ण पदक विजेता खिलाडिय़ों को सम्मानित करते हुए।


**राजनीति** | पूंडरी नगरपालिका चुनाव, 12 मार्च को होगी मतगणना

# हार-जीत के कयास तेज, प्रत्याशियों और समर्थकों की धडकनें बढ़ीं

अश्वनी खुराना ▶▶| पूंडरी

नगर पालिका चुनाव के मतदान संपन्न होने के बाद अब हार-जीत को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। चेयरमैन पद की कुर्सी पर कौन बैठेगा, इसका फैसला 12 मार्च को होगा, लेकिन इससे पहले ही प्रत्याशियों और उनके समर्थकों की धडकनें तेज हो गई हैं।

**मुकाबला भाजपा और निर्दलीय प्रत्याशी के बीच सीधा:** नगरपालिका के चेयरमैन पद के लिए कुल 3 प्रत्याशी मैदान में थे, लेकिन कुछ लोग मुख्य मुकाबला भाजपा प्रत्याशी ममता सैनी और निर्दलीय उम्मीदवार बबली गोस्वामी के बीच मान रहे हैं और कुछ लोग इसे त्रिकोणीय मुकाबला भी मानते हैं। लेकिन इस बार मतदान के बाद समीकरण बदलते दिख रहे हैं। अब लड़ाई सीधी होती नजर आ रही है, जहां दोनों प्रमुख उम्मीदवारों के समर्थक अपनी-अपनी जीत के दावे कर रहे हैं।



**पूंडरी।** नगरपालिका पूंडरी में नई चेयरपर्सन की इंतजार में चेयरपर्सन की कुर्सी। फोटो : हरिभूमि

**ई.वी.एम. में कैद प्रत्याशियों की किस्मत**

मतदान के साथ ही सभी प्रत्याशियों की तकदीर ईवीएम में कैद हो चुकी है, और 12 मार्च को मतगणना के दौरान ही नतीजे सामने आएंगे। लेकिन इस बीच प्रत्याशी और उनके समर्थक मतदान के बाद से ही हार-जीत के गुणा-भाग में जुटे हुए हैं। हर बूथ से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर समर्थक अपने-अपने उम्मीदवार की जीत तय मान रहे हैं। नगर पालिका की कुर्सी पर कौन बैठेगा, इसे लेकर क्षेत्र में लगातार चर्चाएं हो रही हैं।